कार्रवाई | नगर निगम की अतिक्रमण हटाओ टीम ने तीन स्थानों पर कार्रवाई कर हटाया अतिक्रमण

# ननि ने अतिक्रमण हटाया, जुर्माना भी लगाया



**नवभारत, कटनी।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और सड़क पर अवैध अतिक्रमण रोकने के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार के निर्देश पर नगर निगम प्रशासन द्वारा बुधवार को सुभाष चौक स्थित अल्फर्टगंज में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। यहां पर लंबे समय से सार्वजनिक मार्ग पर अवैध रूप से कबाड़ सामग्री फैलाकर आवागमन में व्यवधान उत्पन्न कर किया जा रहा था, जिस पर कबाड़ व्यवसायी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। वहीं नगर के दो अलग अलग स्थानों पर सार्वजनिक मार्गो में कबाड़ सामग्री रखकर आवागमन बाधित करते हुए व्यवसाय करते पाए जाने पर जुर्माने की कार्रवाई भी की गई है। नगर निगम सीमांतर्गत मुख्य बाजार क्षेत्र सुभाष चौक स्थित अल्फर्टगंज बस्ती के मार्ग में अवैध रूप से अतिक्रमण कर आवागमन और सफाई व्यवस्था को प्रभावित कर कबाड़ का व्यवसाय करने की शिकायत को नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने तत्काल संज्ञान में लिया और नागरिकों की सुविधा, सुरक्षा की दृष्टि के मद्देनजर नगर निगम के कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह और अतिक्रमण शाखा को ऐसी शिकायतों के संबंध आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर कार्यपालन यंत्री द्वारा स्थल निरीक्षण के दौरान नगर निगम अधिनियम की धारा का स्पष्ट रूप से उल्लंघन पाया। जिस पर अनाधिकृत रूप से कबाड़ का व्यवसाय करने वाले अब्दुल सत्तार मौहम्मद हुसैन को नोटिस जारी कर तीन दिन में अनाधिकृत अतिक्रमण हटने के लिए सूचित किया गया था। निर्धारित समयावधि बीतने पर बुधवार को नगर निगम के अधिकारियों और अतिक्रमण दल द्वारा अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई करते हुए अल्फर्टगंज पहुंचने पर संबंधित कबाड़ व्यवसाई द्वारा समय की मांग कर स्वयं से ही कबाड़ सामग्री हटाकर मार्ग को खाली कर दिया। इस दौरान निगम अधिकारियों की भी मौके पर मौजूदगी रही। निगमायुक्त के निर्देश पर अतिक्रमण टीम द्वारा नागरिकों के सुगम आवागमन व्यवस्था के मद्देनजर बरगवा में भी कार्रवाई की गई। टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान बरगवां मुख्य मार्ग में कबाड़ व्यवसायी सादिक खान द्वारा सार्वजनिक मार्ग में कबाड़ सामग्री रखकर आवागमन बाधित करते पाए जाने पर उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया। इसी तरह बस स्टैंड में निरीक्षण के दौरान कबाड़ व्यवसायी संतोष सोनी द्वारा भी कबाड़ सामग्री दुकान की निर्धारित सीमा के बाहर रखकर सार्वजनिक मार्ग बाधित करने पर एक हजार रूपए का जुर्माना किया गया। इस दौरान कबाड़ व्यवसायियों को दुकान की निर्धारित सीमा के अंदर सामग्री रखकर व्यवसाय करने की सख्त हिदायत दी गई। कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह ने बताया कि अतिक्रमण विभाग द्वारा प्रतिदिन भ्रमण कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। सार्वजनिक मार्गो की आवागमन व्यवस्था बाधित करने वाले कबाड़ व्यवसाईयों को भी चिन्हित कर नोटिस भेजे गए हैं जिनपर भी जल्द ही कार्रवाई शुरू की जाएगी।



# उपलब्ध कराएं दस्तावेज, एसआईआर में करें सहयोग

**अध्यक्ष ने बीएलओ से ली एसआईआर कार्य की जानकारी**

**नवभारत, कटनी।** नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने वर्तमान में चल रहे एसआईआर कार्य को गति देने के लिए सीएलपी स्कूल पहुंचकर वार्ड क्षेत्र के बीएलओ और नागरिकों के साथ बैठकर मतदाता सूची के अद्यतन कार्य की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने बीएलओ से घर-घर सत्यापन की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने, त्रुटिपूर्ण नामों का सुधार किया जाए। उन्होंने नागरिकों से कहा कि वे आवश्यक दस्तावेज समय पर उपलब्ध कराएं और एसआईआर प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग दें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मजबूती का आधार है। हर योग्य नागरिक का नाम सूची में हो, यही हमारा लक्ष्य है। निगम प्रशासन और बीएलओ संयुक्त रूप से यह तय करेंगे कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम छूटने नहीं पाए नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के लिए, नगर निगम अध्यक्ष ने स्वयं लोगों से संवाद किया और एसआईआर के महत्व को सरल भाषा में समझाया। यह अभियान मतदाता सूची को पूरी तरह अद्यतन, त्रुटिरहित और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। निगमाध्यक्ष ने सभी अधिकारियों, बीएलओ, क्षेत्रीय नागरिकों से कहा है कि वे सब मिलकर इस अभियान को निर्धारित समयसीमा में पूरा करें और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करें।

## एक नजर में

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 को

**नवभारत, कटनी।** मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास आवास विभाग मंत्रालय भोपाल, सदस्य सचिव राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन नगर निगम कार्यालय सहित नगर के विभिन्न चार स्थलों पर किया जा रहा है। जिसमें लंबित विभिन्न करों मे छूट प्रदान करने संबंधी कार्रवाई की जाना है। महापौर प्रीति संजीव सूरी निगमायुक्त तपस्या परिहार ने नागरिकों से अधिक से अधिक लोक अदालत का फायदा उठाने के लिए कहा गया है। नेशनल लोक अदालत में मप्र नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के तहत सम्पत्तिकर अधिभार सरचार्ज जल उपभोक्ता प्रभार सरचार्ज मे निम्न शर्तो के अधीन छूट प्रदान की है। जिसके अनुसार संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर, अधिभार की राशि पचास हजार तक बकाया होने पर मात्र अधिभार मे 100 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाएगी। जबकि जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर और अधिभार की राशि दस हजार तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत तक छूट प्रदान की जाएगी। संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमे कर, अधिभार की राशि पचास हजार से अधिक और एक लाख तक बकाया होने पर मात्र अधिभार मे 50 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाएगी। वहीं जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर और अधिभार की राशि दस हज़ार से अधिक और पचास हजार तक बकाया होने पर मात्र अधिभार मे 75 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार संपत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर और अधिभार की राशि एक लाख से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार मे 25 प्रतिशत तक छूट दी जाएगी, जलकर के ऐसे प्रकरण की राशि पचास हजार से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार मे 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी।

### नोडल अधिकारी नियुक्त

**नवभारत, कटनी।** श्री रामचंद्र पथ गमन न्यास द्वारा ललित कलाओं के माध्यम से युवाओं में श्रीरामचंद्र के जीवन आदर्श को सम्प्रेषित करने के लिए जिले के महाविद्यालयों में विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

# अधिकारी-कर्मचारियों ने ली संविधान दिवस पर शपथ

**संविधान दिवस के अवसर पर मौजूद रहे सभी अधिकारी**



**नवभारत, कटनी।** जिले भर में बुधवार को संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कलेक्ट्रेट कार्यालय में संविधान दिवस पर अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा ने अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाई और उद्देशिका का वाचन किया गया। अपर कलेक्टर ने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को भारत के संविधान की उद्देशिका, 'हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए और उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्पित हैं' की शपथ दिलाई। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कुमार मिश्रा, विंकी सिंहमारे उइके, ज्योति लिल्हारे, डीआईओ प्रफुल्ल श्रीवास्तव, उपसंचालक कृषि डॉ. आरएन पटेल सहित सभी अधिकारी मौजूदरहे।

# जिले के किसानों के लिए फिर आई 1050 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया

**किसानों को जरूरत के आधार पर मिलेगी पर्याप्त खाद**



**नवभारत, कटनी।** रबी फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली उर्वरक यूरिया खाद की एक और रैक झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है। इससे जिले को 1050 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया मिली है। झुकेही रैक पाइंट से परिवहन कर यूरिया जिले में लाई जा रही है। जिले में यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों को खाद वितरण केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने, किसानों से संवाद करने और पीओएस मशीन में उर्वरक स्टॉक की उपलब्धता देखकर इसका भौतिक सत्यापन अवश्य करने के निर्देश दिए हैं। वर्तमान में जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। इसलिए उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी है कि यह सुनिश्चित हो कि किसानों को सहजता से खाद उपलब्ध हो। कृषि उपसंचालक ने बताया कि रैक से आई नीम कोटेड यूरिया में से कटनी डबल लॉक केन्द्र के लिए 130 मीट्रिक टन, बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए 120 मीट्रिक टन, मझगवां बड़वारा डबल लॉक केन्द्र के लिए 90 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया उर्वरक आवंटित की जाएगी। जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 250 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जाएगी। इसी प्रकार सीएमएस मार्केटिंग सोसायटी कटनी, सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, प्रियदर्शनी विपणन विजयराघवगढ़, सीएमएस बाकल, सीएमएस स्लीमनाबाद और सीएमएस ढीमरखेड़ा को 50-50 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की जाएगी। इसके अलावा एमपी एग्रो कटनी को 60 मीट्रिक टन खाद आवंटित की जाएगी।

जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। कलेक्टर आशीष तिवारी ने किसानों से कहा है कि वे खाद और बीज से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या और शिकायत, खाद, बीज मिलने में होने वाले असुविधा संबंधी सूचना कलेक्ट्रेट कार्यालय में बने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 07622-220070 और 07622-220071 पर दे सकते हैं। अधिकारियों को खाद की कालाबाजारी रोकने के निर्देश दिए गए हैं। कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के लिए कहा गया है।

# राजस्व अधिकारी ने किया रैन बसेरा का निरीक्षण, किया संवाद

**शीतलहर से बचाने जरूरतमंदों को पहुंचा जा रहा रैन बसेरा**



**नवभारत,कटनी।** शीतलहर के प्रभाव को देखते हुए नगर निगम प्रशासन द्वारा जरूरतमंद और बेसहारा लोगों के लिए संचालित रेन बसेरा वाहन सेवा लगातार जारी है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त तपस्या परिहार के निर्देश पर निगम की टीम रात्रि के समय शहर के प्रमुख मार्गों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, सार्वजनिक स्थलों पर भ्रमण कर ऐसे जरूरतमंद व्यक्तियों को वाहन के माध्यम से बस स्टैंड स्थित रेन बसेरा तक सुरक्षित पहुंचा रही है, जिन्हें ठंड से बचाव के लिए आश्रय की आवश्यकता होती है। निगम प्रशासन द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी यह सेवा पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही रेन बसेरा में ठहरने वाले व्यक्तियों के लिए कंबल, समुचित साफ-सफाई पानी, शुद्ध पेयजल, आवश्यक सुविधाओं की भी प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। रैन बसेरा प्रभारी और निगम के राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि मंगलवार रात्रि रैन बसेरा वाहन के माध्यम से नगर भ्रमण किया जाकर मुख्य स्टेशन के बाहर से दो जरूरतमंद लोगों को रैन बसेरा भेजने की कार्रवाई की गई। वहीं नगर के अन्य स्थलों से भी जरूरतमंदों को ठंड से बचाव के लिए रैन बसेरा भेजा गया। राजस्व अधिकारी ने बताया कि रात्रि के दौरान रैन बसेरा की व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया गया है। रैन बसेरा की नि:शुल्क व्यवस्थाओं की जानकारी चाहे पर उनके द्वारा रैन बसेरा में उपलब्ध कराई जा रहीं व्यवस्थाओं के प्रति संतोष जाहिर किया गया। निगम प्रशासन ने नागरिकों से कहा है कि वे शहर में किसी भी जरूरतमंद, बेघर व्यक्ति को ठंड में खुले स्थान से रेन बसेरा पहुंचाया जा रहा है।

# फलदार पौधों के रोपण और देखभाल की बताई विधियां

**बरगवां गांव में 12 हितग्राहियों की भूमि पर लगेंगे फलदार पौधे**



**नवभारत, कटनी।** पर्यावरण संरक्षण और किसानों की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत लखाखेरा के ग्राम बरगवां में एक बगिया मां के नाम अभियान के तहत कार्यशाला और हितग्राही संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। हितग्राही रौशनी बाई के खेत में आयोजित कार्यशाला के दौरान अभियान के लिए चुने गए 12 हितग्राहियों से फलदार पौधों के रोपण और उनकी देखभाल की विधियों पर चर्चा की गई। इस पहल के माध्यम से चयनित हितग्राहियों की निजी भूमि पर फलदार पौधों का रोपण किया जाएगा।

सभी हितग्राहियों ने इस कार्य में उत्साह के साथ सहयोग करने और अपनी निजी भूमि पर फलदार पौधों का रोपण करने के लिए अपनी सहमति दी। कार्यशाला में सहायक यंत्री प्रियंका लखेरा, एपीओ डॉ. अजीत सिंह, बबिता सिंह, अमित सिंह, कैलाश वर्मा, उपयंत्री डीएस बघेल, सरपंच पूजा दहिया, मेट आरती बाई और सुमन बाई सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# विवाहिता की मौत, ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना का आरोप

**बरही थाना क्षेत्र के सिजेहरा गांव में हुई घटना**



**नवभारत, कटनी।** बरही थाना अंतर्गत सिजेंहरा गांव में एक विवाहिता की मौत के बाद ससुराल पक्ष के लोगों ने प्रताड़ना का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने इस मामले में मर्ग प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। साथ ही लगाए गए आरोपों के साक्ष्यों की जांच भी की जा रही है। पुलिस ने बताया कि बरही थाना क्षेत्र के ग्राम सिजेंहरा में 32 वर्षीय प्रियंका प्रजापति की ज़हरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतिका के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। वहीं मृतका के भाई ओमकार प्रजापति के ने आरोप लगाया है कि उसकी बहन प्रियंका को उसकी सास, ससुर सहित परिजन लंबे समय से प्रताड़ित कर रहे थे, जिसके कारण वह मानसिक रूप से अत्यधिक परेशान थी।

परिजनों के आरोपों की भी जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। जांच के बाद इस मामले में स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# जब्त की गई शराब और महुआ लाहन

**आबकारी विभाग की टीम ने दर्ज किए दस मामले**



**नवभारत, कटनी।** जिले में शाक के अवैध निर्माण, विक्रय, परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग की टीम कलेक्टर के निर्देश पर कार्रवाई अभियान चला रही है। अभियान के तहत आबकारी विभाग की टीम ने बड़वारा क्षेत्रांतर्गत ग्राम बरही, मचमचा, कुंआ, करेला खितोली और वृत्त विजयराघवगढ़ के अंतर्गत खिरवा, फुटहाटोला सिनगौड़ी में सामूहिक दबिश दी गई। आबकारी अधिकारी विभा मरकाम ने बताया कि दबिश के दौरान 25 लीटर शराब और 630 किलो महुआ लाहन जब्त किया गया है। जिसकी कीमत लगभग 1 लाख 2 हजार रुपए है। जब्त की गई महुआ लाहन का सेंपल लेकर शेष महुआ लाहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इस कार्रवाई में आबकारी अधिनियम के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी प्रवीण रतन वरकड़े, आबकारी उपनिरीक्षक केशव उइके, आबकारी आरक्षक चंद्र प्रकाश त्रिपाठी, रामसिंह, किसन लाल बरदिया और सैनिक संतोष तिवारी उपस्थित रहे।

आयोजन | संविधान दिवस पर शासकीय तिलक कॉलेज में आयोजित किए गए कार्यक्रम, छात्रों को दी गई संविधान की जानकारी

# संविधान लोकतांत्रिक ढांचे की आधारशिला, इसी से निर्धारित होता शासन का स्वरूप



**नवभारत, कटनी।** शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को संविधान दिवस के अवसर पर शैक्षणिक वातावरण से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन से की गई। जिससे उपस्थित छात्रों और प्राध्यापकों में संविधान के प्रति सम्मान और जागरूकता का संचार हुआ। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग के प्रमुख डॉ केपी मिश्रा ने विषय प्रवर्तन करते हुए संविधान के महत्व, उसकी संरचना और भारत के सामूहिक स्वप्नों को संजोने वाली भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संविधान लोकतांत्रिक ढांचे की आधारशिला है और शासन के स्वरूप को निर्धारित करता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार वाजपेई ने संविधान को नई पीढ़ी द्वारा सही दृष्टि से समझने, उसके मूल्यों को अपनाने और लोकतांत्रिक पद्धति को सशक्त बनाने पर बल दिया। उन्होंने संविधान अंगीकार और प्रवर्तन के ऐतिहासिक महत्व को स्पष्ट किया। झंडा फहराने और ध्वजारोहण के अंतर को भी समझाया। इसी प्रकार राजनीति विज्ञान विभाग के सागर पटेल ने संविधान सुलेखन पर चर्चा करते हुए संविधान के सुलेखक प्रेम नारायण राजदा के योगदान से विद्यार्थियों को परिचित कराया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में संविधान से संबंधित एक वृत्तचित्र का प्रदर्शन किया गया, जिसे विद्यार्थियों ने ध्यानपूर्वक देखा और उसके विभिन्न पहलुओं पर विमर्श किया। कार्यक्रम में कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय से फ़हरीन, परिज्ञा पुरोहित, राहुल, मुकेश, विनय चौरसिया, त्रिश्या, शिव विवेक, पूर्वी मिश्रा, जैनब खान, रूप नारायण, आनंद सिंह, नारायण बर्मन, रिया, सृष्टि शुक्ला, भृगुराज, कपिल चौधरी, आसमा, आशुतोष कुमार और पलक चौधरी ने संविधान दिवस के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखते हुए संविधान के महत्व पर सारगर्भित चर्चा की। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन डॉ रुक्मणि प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विपिन सोनी और सुभाष सौंधिया द्वारा तकनीकी सहयोग दिया गया।

कार्यक्रम में शैक्षणिक कर्मचारी प्रो आरपी मिश्रा, व्हीके द्विवेदी, डॉ माधुरी गर्ग, डॉ नाहिद सिद्दीकी, जीएम मुस्तफा, सहित अन्य की उपस्थिति रही।

# उन्नत तकनीक सीखने छत्तीसगढ़ गया किसानों का दल

**नवभारत, कटनी।** किसानों को आधुनिक कृषि और उद्यानिकी की उन्नत तकनीकों से परिचित कराने के लिए 30 किसानों का एक दल इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर और बिलासपुर में प्रशिक्षण भ्रमण के लिए छत्तीसगढ़ भेजा गया है। हरि झंडी दिखाकर उन्हें रवाना किया गया है।



धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024